एक नजर में

श्री इच्छापूर्ण महादेव मंदिर निर्माण हेतु 5 लाख रु. की जमीन दान की

मन्दसौर। जनकूपुरा के बेचरजी गली में श्री इच्छापूर्ण महादेव मंदिर निर्माण हेतु समाजसेवी राजकुमार पिता सोहनलाल चौधरी वर्तमान निवासी अहमदाबाद द्वारा अपनी बेचरजी की गली स्थित अपनी जमीन जिसका वर्तमान मूल्य 5 लाख रु. है मंदिर निर्माण हेतु दान में दी है। उक्त जानकारी देते हुए श्री इच्छापूर्ण महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष अरूण शर्मा ने बताया कि दानदाता राजकुमार के पिता सोहनलाल चौधरी ने उक्त जमीन क्रय की थी लेकिन अब पूरा परिवार अहमदाबाद निवास कर रहा है लेकिन उनकी इच्छा थी कि बेचरजी की गली में महादेव का मंदिर बने। मन में यह भाव उत्पन्न होने पर राजकुमार चौधरी ने अपनी स्वेच्छा से मंदिर निर्माण हेतु अपनी उक्त जमीन जिसका क्षेत्रफल करीब 441 वर्गफीट है वह दान दे दी है। इस बाबत् विधिवत उनके द्वारा मंदिर के नाम रजिस्टर्ड दान पत्र भी निष्पादित कराया है। शर्मा ने बताया कि जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा तथा भव्य प्रतिमा विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। कोर्ट प्रांगण स्थित तोपवाले बालाजी मंदिर में समाजसेवी रामकुमार चौधरी के परिवार द्वारा मंदिर समिति अध्यक्ष अरूण शर्मा को दानपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर राजू ओझा, निलेश गर्ग, घनश्याम राठौर, ओम गोयल, राजेश राठौर सहित बेचरजी गली निवासीगण उपस्थित थे।

आज माली समाज करेगा पथ संचलन का भव्य स्वागत

मन्दसौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मंदसौर शहर में ऐतिहासिक पद संचलन दिनांक 5 अक्टूबर 2025 रविवार को प्रातः 9 बजे उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड से निकाला जा रहा है। इस ऐतिहासिक पद संचलन का स्वागत माली समाज द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री फकीरचंद सैनी दया मंदिर, पूर्व छोकरा अध्यक्ष नंदराम उनियारा, कोषाध्यक्ष मुकेश गहलोत, प्रदीप भाटी, बाबूलाल राठौर, रमेश चंद्र सैनी टेंट, किशोर गेहलोद कैंटीन, घीसालाल गहलोत, शेषनारायण माली, मोहनलाल गहलोत, शिव प्रकाश रावलिया शहर अध्यक्ष ओम प्रकाश गहलोत सेव वाले, लक्ष्मीनारायण गौ?, प्रभुलाल महावर, श्याम गहलोत, दिनेश परमार, डॉ. भेरुलाल राठौ?, पूनमचंद राठौ?, सुंदरलाल गहलोत, मोहनलाल दायमा, सुरेश दगदी, बद्रीलाल मोरी, लक्ष्मीनारायण गहलोत, दिनेश रावल, ओकारलाल मोरी, बंटी सोलंकी, अशोक गहलोत, निरंजन ओसवाल आदि ने समाज बंधुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पद संचलन का स्वागत करें।

आओ खुशियां बांटे के तहत लायंस डायनेमिक ने गौमाता को कराया आहार

मन्दसौर। लायंस क्लब के प्रांत पाल के निर्देशानुसार लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा ''आओ खुशियां बांटें'' के तहत श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ माता को पशु आहार कराया और गुड व चारे का वितरण कराया गया। साथ ही पक्षियों के आहार हेतु ज्वार बाजरा मक्की और मछलियों को चना और आटे की गोलियां बनाकर डाली गई। क्लब अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि मुक पशु पक्षियों के आहार की व्यवस्था करना मानव का कर्तव्य है तथा इससे पुण्य का अर्जन भी होता है। यह सेवा प्रकल्प क्लब अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव सीमा धनोतिया, चित्रा मंडलोई, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, सुमित्रा चौधरी, रीमा सैनी के सहयोग से हुआ। इस दौरान क्लब की सदस्या उपस्थित रही।

डोडाचूरा से लदी गुजरात की बोलेरो जब्त, एक तस्कर गिरफ़्तार

नीमच। नीमच के रतनगढ़ थाना और डीकेन चौकी पुलिस ने नशे के काले कारोबार पर एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए डोडाचूरा की तस्करी करते अंतरराज्यीय तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है। दरसल पुरे मामले में रतनगढ़ पुलिस को 3 से 4 अक्टूबर की रात गुप्त सूचना मिलती थी की डीकेन-रतनगढ़ आम रोड पर मादक पदार्थ की बड़ी खेप जाने वाली है। पुलिस ने बिना देर किए नाकाबंदी की रणनीति रची, और जाल बिछा दिया। तभी वहां से गुजरती एक बोलेरो पिकअप वाहन नंबर ल्ह्य 27 श्रष्ट 8618 को पुलिस ने जैसे ही उसे रोका और तलाशी ली, तो पीछे बने गुप्त शटरनुमा खांचे में छुपाकर रखे गए 9 काले कट्टों में 90 किलो डोडाचूरा भरा मिला 7 पुलिस ने गाड़ी का चालक बनवारी विश्नोई, उम्र 23 साल, निवासी मोरिया, थाना लोहावट, जिला फलोदी, राजस्थान को मौके पर ही दबोच लिया गया। पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासों की उम्मीद है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि ये माल कहां से आया और किनकी जेब में जाकर नशे का ज़हर फैलाने वाला था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर कड़ी पुछताछ शुरू कर दी है। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में रतनगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र झा और उनकी टीम ने कमाल की सतर्कता दिखाई।

आतिशबाजी लायसेंस नवीनीकरण के लिए 6 अक्टूबर तक आवेदन करें

नीमच। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी दीपावली पर्व 2025 पर नीमच जिले के मनासा एवं जिले के अन्य अनुभाग में आतिशबाजी के विक्रय लिए ऑनलाईन आवदेन आंमत्रित किए गये है। अनुज्ञप्ति नवीनीकरण के लिए आवेदक को एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के निर्देश जारी किये गये है।ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06 अक्टूबर 2025 नियत की गई है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने बताया कि, ऐसे आवेदक ही आवेदन करे जिन्हें पूर्व में लायसेंस जारी किये गये हो, लायसेंस की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करें ।ऐसे आवेदक आवेदन ही न करें, जो कि आपराधिक चरित्र के हो। ऐसे आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जावेगे। जिसकी सूचना पृथक से संबंधित को नहीं दी जावेगी। पूर्व में जारी लायसेंसधारियों के ही आवेदन नवीनीकरण हेतु प्राप्त किये जावेंगे। सभी पात्र आवेदकों को विस्फोटक विधि अधिनियम 1884 के तहत विस्फोटक नियम 2008 के नियम 112 के नियम (3) के तहत आतिशबाजी अनुज्ञप्ति 16. से 23. अक्टूबर 2025 तक कुल आठ दिवस के लिये नवीनीकृत कर प्रदान की जावेगी।

बायपास बना तस्करों का 'हाईवे', लगातार हो रही पकड़ से प्रशासनिक चौकसी पर सवाल

▸ दो दिन में तीन बड़ी कार्रवाइयां, करोड़ों की शराब व मादक पदार्थ जब्त

मंदसौर। जिले में नशे और अवैध शराब की तस्करी पर लगातार हो रही बड़ी कार्रवाइयों ने मंदसौर-नीमच बायपास को तस्करों का हाईवे बना दिया है। पिछले दो दिनों में ही नाहरगढ़, पिपलियामंडी और नईआबादी पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 1.10 करोड़ रुपये की अंग्रेजी शराब, 100 किलो डोडाचूरा और अल्प्राजोलम सहित करीब 1.5 करोड़ का अवैध माल जब्त किया है।

नाहरगढ़ पुलिस ने बासमती चावल की फर्जी बिल्टी पर ट्रक में लाई जा रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी, वहीं पिपलियामंडी में एक तस्कर से अल्प्राजोलम व डोडाचूरा बरामद हुआ। नईआबादी पुलिस ने बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली से 100 किलो डोडाचूरा जब्त कर दो तस्करों को दबोचा। लगातार मिल रही कामयाबियों के बावजूद सवाल यह है कि तस्करी के इन नेटवर्क की जड़ें कब तक अछूती रहेंगी? जिले की भौगोलिक स्थिति और बायपास का खुला मार्ग तस्करों के लिए आसान रास्ता बन गया है। बड़ी गाड़ियों की जांच सीमित होने से यह मार्ग तस्करी का प्रमुख ट्रांजिट पॉइंट बन चुका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब केवल पकड़ पर नहीं, बल्कि गिरोहों की सप्लाई चेन और आर्थिक तंत्र को तोड़ने पर फोकस किया जाएगा। लगातार हो रही कार्रवाई से यह साफ है कि मंदसौर अब सिर्फ गुजरगाह नहीं, बल्कि तस्करी नेटवर्क का अहम केंद्र बनता जा रहा है।

नाहरगढ़ में झिलमिलाती झांकियों के साथ धूमधाम से मनाई गई विजय एकादशी

▸ देर रात तक नगर में निकला चल समारोह, अखाड़ा प्रदर्शन व सम्मान समारोह ने बांधा समां

नाहरगढ़ (मंदसौर)। दशहरे के दूसरे दिन परंपरानुसार नगर में विजय एकादशी का पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। देर रात तक नगर की सड़कों पर झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकला, जिसे देखने के लिए नाहरगढ़ सहित आसपास क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

पिछले 14 वर्षों से इस परंपरा को जीवित रखते हुए युवा समाजसेवी ओमगिरी गोस्वामी द्वारा इस आयोजन को प्रोत्साहन राशि भेंट कर निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस वर्ष 15वें वर्ष पर भी नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय बाबूलाल सुराणा की स्मृति म प्रत्यक झाका को ?7100 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त झांकियों को शरद पूर्णिमा उत्सव पर सम्मानित किया जाएगा।

चल समारोह में अखाड़ा कलाकारों ने शानदार करतब दिखाए और नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं को प्रसादी व अल्पाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री हनुमान समिति के तत्वावधान में हुआ। परंपरा अनुसार आयोजन की जिम्मेदारी निभाने वाले ओमगिरी गोस्वामी का साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गिरी गोस्वामी ने झांकियों का भ्रमण कर आयोजन की सराहना की। नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस एवं प्रशासन का अमला भी तैनात रहा।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का बड़ा आंदोलन

▸ विशाल ट्रैक्टर मार्च आंदोलन 6 अक्टूबर को, कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगी रैली

मंदसौर। किसानों की समस्याओं और खरीफ फसलों का उचित मुआवजा न मिलने को लेकर कांग्रेस अब बड़ा आंदोलन करने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग व जिला किसान कांग्रेस के सँयुक्त तत्वावधान में 6 अक्टूबर 2025, सोमवार को मंदसौर शहर में विशाल ट्रैक्टर मार्च आंदोलन निकाला जाएगा। यह मार्च दोपहर 12 बजे गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगा। जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान तथा जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ललित चंदेल ने बताया कि यह आंदोलन किसानों को खरीफ फसलों का वाजिब दाम और मुआवजा दिलाने के साथ-साथ अन्य किसान हितैषी मुद्दों को लेकर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। फसलों के मुआवजे की प्रक्रिया भी जटिल है, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। इन सब समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मिलकर कलेक्ट्रेट पर आवाज उठाएंगे। आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिह गुर्जर, मंदसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्रीगण सुभाष सोजतिया, नरेन्द्र नाहटा, पूर्व विधायकगण नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती, भारतसिंह दीपाखेड़ा सहित जिलेभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती रुपल संचेती, सेवादल अध्यक्ष श्री दिलीप देवड़ा, अजा विभाग जिलाध्यक्ष संदीप सलोद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रितिक पटेल सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण वीरेन्द्रसिंह हाड़ा, भवानीशंकर धाक?, करणसिंह, कमलेश जायसवाल, कृपालसिंह सोलंकी, सुरेशचन्द्र पाटीदार, ओमप्रकाश राठौर, अनिल शर्मा, ईश्वरलाल धाकड़, गोपाल विश्वकर्मा, विकास दशोरा, बसंतीलाल सोलंकी, शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर कार्यकारी अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया, मोहम्मद सलीम खान और युवा कांग्रेस नेता राघव शक्तावत सहित अनेक पदाधिकारी आंदोलन में नेतृत्व करेंगे। नेताओं ने जिलेभर के अन्नदाता किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रैक्टर मार्च आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

नारायणगढ़ में ताखा बावजी देवनारायण मेले में भजन संध्या ने बांधा समां

नारायणगढ़। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर परिषद के तत्वावधान में श्री ताखा बावजी देवनारायण का सात दिवसीय मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें कोटा की सुप्रसिद्ध भजन गायिका टीना राव एवं चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक भरत जी लक्खा ने अपनी मधुर वाणी में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।

देर रात तक चली भजन संध्या में नगर सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भजनों का आनंद लिया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष ममता कुंवर, सभी पार्षदगण, नगर परिषद सीएमओ प्रमोद कुमार जैन एवं परिषद का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। पूरे मेले के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मुस्तैदी से तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

आगामी दिनों में मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसके लिए नगरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

ध्वजा पूजा, हवन तथा गरबा नाईट के साथ चार दिवसीय अजमीढ महोत्सव प्रारंभ

नीमच। श्री मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज के पितृ-पुरुष महाराजा अजमीढ जी कि जयंती पर 4 अक्टूबर से चार दिवसीय कार्यक्रम स्वर्णकार मागंलीक भवन नीमच मे महाराजा अजमीढ जी कि पूजा अर्चना के साथ ध्वज पूजा ,हवन तथा विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिता तथा रंगारंग गरबा नाइट के साथ शुभांरभ। हुआ । चार दिवसीय कार्यक्रम स्वर्णकार समाज नीमच तथा नवयुवक मंडल के तत्वाधान मे आयोजित हो रहा है दोपहर मे स्वर्णकार मागंलीक भवन परिसर मे पहले दिन व्यजन प्रतियोगिता, रंगोली, स्कूटी रेस तथा रंगारंग गरबा नाईट का आयोजन भी हुआ जिसमे महिलाओ तथा युवक युवतियो ने बढ चढ़कर भाग लिया, कार्यक्रम कि जानकारी देते हुए स्वर्णकार समाज नीमच के अध्यक्ष जितेंद् सोनी (मोला) तथा सचिव जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि चार दिवसीय अजमीढ महोत्सव मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए है ,प्रथम दिन शुभारंभ के अवसर पर ध्वजा पूजा तथा हवन मे जितेंद्र सोनी , मनोज सोनी प्रहलाद सोनी ,देवेन्द्र सोनी ने सपत्निक हवन मे हिस्सा लिया , कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर समाज के वरिष्ठ डाक्टर पृथ्वीसिंह वर्मा , स्नेह प्रकाश सोनी, महेश सोनी भगत वर्मा ,गोपाल सोनी ,राजकुमार सोनी , महावीर वर्मा समाज समिति के पदाधिकारीगण कान्हा सोनी, कन्हैयालाल सोनी ,आदि उपस्थित थे । नवयुवक मंडल अध्यक्ष विरल सोनी संरक्षक आकाश सोनी ने बताया कि 5 अक्टूबर को स्वर्णकार मागंलीक भवन परिसर मे आनंद मेला आयोजित किया गया है ,जिसमे व्यजन स्टाल,बच्चो के चकरी झुले ,ओपन मंच, तथा विभिन्न खेल के स्टॉल भी लगाए जाएगे । आनंद मेला दोपहर 12 बजे से सायंकाल 7 बजे तक आयोजित किया गया है । रात्री मै बच्चो की फेनंसी ड्रेस तथा रंगारंग कार्यक्रम होगे 6 अक्टूबर को महाराज अजमीढ जी के जन्म महोत्सव (शरद पूर्णिमा) पर प्रातः 9 बजे नवयुवक मंडल के नेतृत्व मे विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी तथा महाराजा अजमीढ वाटिका पर भव्य आरती होगी ,स्वर्णकार समाज समिती के अध्यक्ष जितेंद्र सोनी तथा सचिव जितेंद्र कुमार सोनी (कालेज) ने बताया कि 7 अक्टूबर को सायंकाल 5बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा तथा समाज के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया जाएगा।

सफर सुरों का, हार्मनी की संगीत संध्या का शंखनाद आज

नीमच। विगत 35 वर्षों से नीमच के सभी श्रोताओं के दिल को छू लेने वाले 25 से 27 गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत करने वाली संस्था हार्मनी का गीत संगीत का कार्यक्रम इस वर्ष आज रविवार 5 अक्टूबर को गांधी वाटिका के समीप मगन लाल रतन देवी मांगलिक भवन में रात्रि 8बजे आयोजित किया जाएगा, 1991 में स्थापित संगीत एवं कला को समर्पित संस्था हार्मनी परिवार द्वारा इस वर्ष गीत संगीत की प्रस्तुति महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगी। हार्मनी परिवार के वरिष्ठ सदस्य जम्बु कुमार जैन, रवि शर्मा व प्रशांत मित्तल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सफर सुरों का संगीत निशा में विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, आईडीबीआई बैंक नीमच के शाखा प्रबंधक रोहित सिंह ठाकुर, ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की चांसलर कुलगुरु डॉ माधुरी अनिल चौरसिया, उद्योगपति समाजसेवी डी. एस. चौरडिया ,श्रीमती रेणु संतोष चोपड़ा, श्रीमती योगिता आशीष अग्रवाल, श्रीमती अंशु अक्षय गोयल, श्रीमती रमा सौरभ जिंदल, श्रीमती मीना संजय मंगल, डॉ रंजना दीपक सिंहल, श्रीमती मधु डॉ. किशोर नरूला, डॉ. शारदा आर आर विश्नोई, श्रीमती आशा भारत जारोली, उर्मिला बाबूलाल गौड़ ,सुनीता दीपक श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, रेणुका आतिश तोतला, शशि राजेश जैन, तनीषा दीपांशु गर्ग, प्रीति कमल एरन एवं अली भाई रामपुरा वाला, अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस वर्ष गीत संगीत के इस निशा में संगीतकार आरडी बर्मन और एसडी बर्मन का संगीत विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

एक नजर ▸ **अंतरराज्यीय गैंग के तीन सदस्य मुम्बई व कानपुर से गिरफ्तार**

कांग्रेस नेता बाबू सलीम की दूकान पर हुई चोरी का किया पर्दाफ़ाश

नीमच। नीमच कैंट थाना क्षेत्र में चोपदार पेंट्स एंड हार्डवेयर पर आधी रात को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन बदमाशों को महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासील की है । आरोपियों से चोरी गई नगदी में से 10 हजार रुपये तथा वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। अच्छी बात यह है कि थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान एवं सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक प्रदीप शिंदे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस प्रकरण में उत्कृष्ट समन्वय व त्वरित कार्यवाही करते हुए महज कुछ ही दिनों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में नीमच पुलिस ने यह बड़ी सफलता अर्जित की है।

विदीत है कि दिनांक 24 सितंबर 2025 को फरियादी नदीम खान पिता बाबू सलीम निवासी महावीर नगर नीमच की सिंधी कॉलोनी रोड स्थित चौपदार पेंट्स एंड हार्डवेयर दुकान में शटर उचका कर चोर अन्दर घुसे थे और हाथ साफ़ कर दिया था । दूकान मालिक रात लगभग 10-30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह 4-30 बजे अखबार वितरण करने वाले भरत दांगी ने देखा की दूकान का शटर आधा उठा हुआ है। सुचना पर फरियादी मौके पर पहुंचे तो देखा कि केश काउंटर की दराज टूटी हुई थी और डिब्बों में रखे रुपए गायब थे। कुल लगभग 25,000 की नकदी चोरी होना पाई गई। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 490/2025 धारा 305(ए) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की।

जांच और तकनीकी साक्ष्य से मिला सुराग

सायबर सेल और नीमच कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने बारीकी से विश्लेषण किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ब्रॉन्ज कलर की रेनॉल्ट क्विड कार से आए थे। पुलिस ने करीब 300 किलोमीटर तक के टोल प्लाजा और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में पता चला कि कार क्रमांक ऋछ-14-ङ्क्ष्ट-3746 दीपक सोनी पिता गणपतलाल सोनी निवासी धलपत, सुवासरा हाल मुकाम जिला झालावाड़ के नाम पर पंजीकृत है।

तकनीकी विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि दीपक सोनी ने अपने दो साथियों फिरोज़ आलम और अशरफ अंसारी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

अंतरराज्यीय गिरफ्तारी और जब्ती

नीमच एसपी अंकित जायसवाल ने बताया की चोरी को अंजाम देने के बाद ये बदमाश अपनी क्वीड कार से जयपुर चले गए थे। पुलिस टीमों ने घटना में शामिल दीपक सोनी को कानपुर, उत्तरप्रदेश से और फिरोज आलम व अशरफ अंसारी को मुंबई, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से 10,000 नगद एवं रेनॉल्ट क्विड कार (मूल्य 2,50,000) बरामद की गई है।

इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने पूरी टीम की सराहना की ।उन्होंने कहा कि नीमच पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक और सायबर संसाधनों का उपयोग कर अंतरराज्यीय अपराधियों को पकड़ना बड़ी उपलब्धि है।